दिनांक : 22.01.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं वर्षगांठ ज, प्रदेश में हर सप्ताह होंगे अलग विषय पर कार्यक्रम।
- राज्य में निवेश के लिए पुणे में आज इंटरेक्टिव सेशन का आयोजन, मुख्यमंत्री भी होंगे शामिल।
- नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 128वीं जयंती पर कल उनके सम्मान में मनाया जाएगा पराक्रम दिवस।
- भारत और इंग्लैंड के बीच पांच ट्वेंटी-ट्वेंटी मैचों की श्रृंखला का पहला मैच आज।

समाचार विस्तार सेः-

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ

बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के अथक प्रयासों के एक दशक पूरा होने पर सरकार आज बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं वर्षगांठ मना रही है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों, दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारियों, छात्राओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं शामिल होंगी। इस योजना की 10वीं वर्षगांठ पर समारोह आज से 8 मार्च तक जारी रहेगा और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इसका समापन होगा। राज्य और जिला स्तर पर भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ-प्रदेश

प्रदेश में ‚बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ“ पहल के 10 वर्ष पूरे होने पर आज से 8 मार्च तक सभी जिलों में विभिन्न गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

पुणे इंटरेक्टिव सेशन- मुख्यमंत्री

राज्य में निवेश की संभावनाओं को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए पुणे में आज इंटरेक्टिव सेशन का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस सत्र में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों, निवेशकों के साथ सीधा संवाद करेंगे। राज्य में निवेश के अनुकूल वातावरण पर चर्चा होगी। इससे पहले मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, और कोयंबटूर में इंटरेक्टिव सेशन आयोजित किए जा चुके हैं। अब तक राज्य को 4 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। यह प्रयास 24 और 25 फरवरी में भोपाल में होने वाली “ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट“ की तैयारियों का हिस्सा है। पुणे में इंटरेक्टिव सेशन में उद्योग जगत की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी।

## यूनियन कार्बाइड कचरा निष्पादन

इंदौर संभाग के पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड कचरा निष्पादन के संबंध में जनजागृति के प्रयास लगातार जारी हैं। इसी क्रम में इंदौर के अरविंदो अस्पताल के सभाकक्ष में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में इस जनसंवाद कार्यक्रम में मेडिकल क्षेत्र के डॉक्टर, अन्य स्टाफ, विज्ञान विषय के प्रोफेसर तथा विशेषज्ञ आदि शामिल हुये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संभागायुक्त ने कहा कि कचरा निष्पादन की पूरी प्रक्रिया वैज्ञानिक आधार पर है। कचरा निष्पादन में पूरी सावधानी एवं सुरक्षा बरती जायेगी। मानवीय स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान रहेगा।

## नेशनल साइकोलॉजी कॉन्फ्रेंस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज समन्वय भवन में 'यूथ फॉर साइबर वेलनेस' विषय पर एक दिवसीय 9 वीं नेशनल साइकोलॉजी कान्फ्रेंस का शुभारंभ करेंगे। मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग और रिस्पॉन्सिबल नेटिज्म संस्था मुम्बई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं में साइबर वेलनेस के बारे में जागरूकता एवं सुरक्षित डिजिटल परिदृश्य को बढ़ावा देना है।

कार्यशाला में साइबर वेलनेस के लिए युवा, साइबर अपराध की दुनिया को समझना, साइबर हिंसा परिदृश्य को सुरक्षित और समावेशी बनाना, डिजिटल, प्यार और धोखा - माइंडफुलनेस, ऑनलाइन गेमिंग करियर विकल्प, स्नैपचैट पर प्रभावी रिपोर्टिंग और सुरक्षा जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## पराक्रम दिवस

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 128वीं जयंती पर कल उनके सम्मान में पराक्रम दिवस मनाया जाएगा। संस्कृति मंत्रालय तीन दिन का यह आयोजन नेताजी के जन्म स्थान कटक में आयोजित करेगा। नेताजी के जन्म स्थान वाले इस भवन को अब संग्रहालय में बदल दिया गया है।

पराक्रम दिवस समारोह का आयोजन बारामती किले में भी होगा और इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री के वीडियो संदेश से होगी। इस अवसर पर नेताजी के जीवन पर आधारित एक पुस्तक, फोटो तथा एक प्रदर्शनी का लोकार्पण होगा।

## महाकुंभ

उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्रिमंडल की विशेष बैठक आज प्रयागराज में होगी। इसमें राज्य मंत्रिमंडल के सभी 54 मंत्रियों को आमंत्रित किया गया है। उधर 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ में भाग लेने के इच्छुक श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए भारतीय रेलवे ने उचित प्रबंध किए हैं।

## शैक्षिक ओलम्पियाड

प्रदेश के समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 2 से 8 के विद्यार्थियों के जिला स्तरीय शैक्षिक ओलंपियाड का आयोजन आज और कल प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड मुख्यालय पर किया जा रहा है।

शैक्षिक ओलम्पियाड के अंतर्गत जन शिक्षा केन्द्र स्तर की परीक्षा का आयोजन पिछले साल 24 दिसंबर को प्रदेश के समस्त जन शिक्षा केन्द्रों में हुआ था। इसमें शामिल हुए लगभग 14 लाख से अधिक विद्यार्थियों में से लगभग 2 लाख विद्यार्थी जिला स्तरीय शैक्षिक ओलम्पियाड के लिये चयनित हुए हैं। यह ओलम्पियाड प्रतियोगिता ब्डत् शीट आधारित है।

क्रिकेट- भारत - ट्वेंटी-ट्वेंटी

भारत आज से इंग्लैंड के खिलाफ पांच ट्वेंटी-ट्वेंटी और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेलेगा। श्रृंखला का पहला मैच आज शाम कोलकाता के ईडन गार्डन में होगा। मैच शाम सात बजे शुरू होगा। श्रृंखला के चार अन्य ट्वेंटी-ट्वेंटी मुकाबले चेन्नई, राजकोट, पुणे और मुंबई में होंगे। एक दिवसीय मैचों की शुरूआत 6 फरवरी से होगी।

मौसम

प्रदेश में हवा का रुख बदलने से दिन की ठंड गायब हो गई। ज्यादातर शहरों में पारा 25 डिग्री के पार है। धूप भी तेज है। पिछले कुछ दिन से प्रदेश के मौसम में काफी बदलाव हुआ है। जिन शहरों में दिन में पारा 20 डिग्री के नीचे था और शीतलहर चल रही थी, वहां पर ठंड का असर नहीं है। तेज धूप है और कई शहरों में रात के तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है।

मौसम विभाग के मुताबिक 24 जनवरी से तेज ठंड का एक दौर और आ सकता है। इससे पहले आज ग्वालियर-चंबल में बूंदाबांदी हो सकती है। उत्तरी हवा आने से रात के तापमान में गिरावट के आसार है।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- ग्वालियर के विकास की बात, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के साथ की थीम पर आधारित दो दिवसीय ग्वालियर विज्ञान महोत्सव का आयोजन ट्रिपल आईटीएम संस्थान में सम्पन्न हुआ।
- डिंडोरी में जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, शासकीय आईटीआई डिंडौरी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।
- इंदौर में कलेक्टर आशीष सिंह की पहल पर निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में दिव्यांगजनों को रोजगार दिलाने के लिये एक विशेष पोर्टल तैयार किया गया है। पंजीकृत दिव्यांगजनों के लिए 28 जनवरी को काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया है।
- रायसेन में पुलिस लाईन के समीप नगर पालिका परिषद द्वारा बनाए गए अनूठे ऑक्सीजन पार्क का सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा लोकार्पण किया गया।
- निवाड़ी में जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त 71 शिकायतों एवं समस्याओं को निराकरण के लिए संबंधित विभागों को दिया।
- झाबुआ के सभी विकास खंडों में मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन झाबुआ द्वारा रानी दुर्गावती जी की जीवन गाथा का चित्रण नाटिका, साउंड और लाइट शो के माध्यम से किया गया।
- खंडवा से अलीराजपुर के बीच नये रेल मार्ग 250 किमी के सर्वे के लिए अलीराजपुर स्टेशन पर मंगलवार को क्षेत्रवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पूजन कार्यक्रम आयोजित कर सर्वे प्रारंभ करवाया।

- गुना में शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में विभिन्न स्कूलों की छात्राओं को कॉलेज चलो अभियान की जानकारी प्रदान की।

सतना जिले के विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण के लिए आज कार्यालय अधीक्षण अभियंता के सभाकक्ष में शिविर आयोजित किया गया है।

---------------------